रौल नं०........................नाम परीक्षार्थी..........................................

IX-1

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

# हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों (क) एवं (ख) में विभाजित है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. भारतेन्दु युग के लेखक हैं :– 1

(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) प्रतापनारायण मिश्र
(ग) राधाचरण गोस्वामी (घ) ये सभी।

2. भारतेन्दु युग के लेखक नहीं हैं :– 1

(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) प्रेमचन्द
(ग) बालकृष्णभट्ट (घ) लाल श्रीनिवासदास।

3. 'सत्यार्थ प्रकाश' किसकी रचना है :– 1

(क) स्वामी दयानन्द (ख) स्वामी विवेकानन्द की
(ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द की (घ) मथुरानाथ शुक्ल की।

4. 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना किसने की :– 1

(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) बाल मुकुन्द गुप्त
(ग) श्यामसुन्दरदास (घ) मिश्रबन्धु।

5. एकांकी में कितने अंक होते हैं :– 1

(क) एक (ख) दो
(ग) तीन (घ) चार।

6. 'नदी प्यासी थी' की विधा है :– 1

(क) नाटक (ख) काव्य
(ग) उपन्यास (घ) कहानी।

7. उत्तर मध्यकाल को कहा जाता है :– 1

(क) आधुनिककाल (ख) रासोकाल
(ग) भक्तिकाल (घ) रीतिकाल।

8. कबीर के गुरु का नाम था :– 1

(क) बल्लभाचार्य (ख) नरहरिदास
(ग) रामानन्द (घ) रामकृष्ण परमहंस।

9. 'श्रृंगार' और 'वत्सल' रस के अमर कवि हैं :– 1

(क) बिहारी (ख) गोस्वामी तुलसीदास
(ग) सूरदास (घ) घनानन्द।

10. 'विनय पत्रिका' किस काल की रचना है :– 1

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल
(ग) रीतिकाल (घ) आधुनिककाल।

(पृष्ठ पलटिए)

11. रहीम का जन्म हुआ था :- 1

(क) सन् 1485 ई. में (ख) सन् 1556 ई. में

(ग) सन् 1603 ई. में (घ) सन् 1627 ई. में।

12. 'रति' किस रस का स्थायीभाव है :- 1

(क) करूण का (ख) शान्त का

(ग) श्रृंगार का (घ) वीर का।

13. वीर रस का स्थायी भाव होता है :- 1

(क) भय (ख) आश्चर्य

(ग) ग्लानि (घ) उत्साह।

14. 'भिच्छा' शब्द की सही वर्तनी है :- 1

(क) भिक्सा (ख) भिक्शा

(ग) भिक्षा (घ) भिक्छा।

15. 'प्राचीन' शब्द का विलोम है :- 1

(क) पुराना (ख) नया

(ग) नवजात (घ) अर्वाचीन।

16. अव्ययीभाव समास में कौन-सा पद अव्यय होता है :- 1

(क) पहला (ख) दूसरा

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं।

17. 'राजपुत्र' का समास-विग्रह होगा :- 1

(क) राजा और पुत्र (ख) राजा के साथ पुत्र

(ग) पुत्र के साथ राजा (घ) राजा का पुत्र।

18. महा + ईशः में सन्धि होकर बनेगा :- 1

(क) महीशः (ख) महाशयः

(ग) महाशः (घ) महेशः।

19. 'हरेः' में विभक्ति और वचन है :- 1

(अ) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन (ब) पञ्चमी विभक्ति, एकवचन

(स) षष्ठी विभक्ति, द्विवचन (द) सप्तमी विभक्ति, एकवचन।

20. 'करोति' किस धातु, लकार व वचन का रूप है :-

(क) 'गम्' धातु, लोट्लकार, एकवचन (ख) भू धातु, लट्लकार, बहुवचन

(ग) 'कृ' धातु, लृट्लकार, एकवचन (घ) कृ धातु, विधिलङ्लकार, द्विवचन।

## खण्ड-ख

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

यदि हम वैद्य होते तो कफ और पित्त के सहवर्ती बात की व्याख्या करते तथा भूगोलवेत्ता होते तो किसी देश के जल-बात का वर्णन करते, किन्तु दोनों विषयों में से हमें एक बात कहने का भी प्रयोजन नहीं है। हमें तो केवल उसके उसी के ऊपर दो-चार बातें लिखते हैं, जो हमारे-तुम्हारे संभाषण के समय मुख से निकल-निकल के परस्पर हृदयस्थ भाव को प्रकाशित करती रहती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) वैद्य किसकी बात की बात करते हैं?

**अथवा**

दृढ़ संकल्प से दुविधा की बेड़ियाँ कट जाती हैं। मेरी दुविधा भी दूर हो गई। कुएँ में घुसकर चिट्टियों को निकालने का निश्चय किया। कितना भयंकर निर्णय था।! पर जो मरने को तैयार हो, उसे क्या? मुर्खता अथवा बुद्धिमत्ता से किसी काम को करने के लिए कोई मौत का मार्ग ही स्वीकार कर ले, और वह भी जान बूझकर, तो फिर वह अकेला संसार से भिड़ने को तैयार हो जाता है। और फल? उसे फल की क्या चिन्ता? फल तो किसी दूसरीं शक्ति पर निर्भर है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) दुविधा की बेड़ियाँ कब कट जाती हैं?

**22.** निम्नांकित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

पायो जी म्हैं तो राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरें सतगुरु, किरपा कर अपनायो।
जनम–जनम की पूँजी पाई, जग में सभी खोवायो।
खरचै नहिं कोइ चोर न लेवै, दिन–दिन बढ़त सवायो॥
सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भव–सागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख–हरख जस गायौ॥

(अ) कवयित्री और कविता का नाम लिखिए।
(ब) मीरा ने कौन–सा धन प्राप्त किया है?
(स) भवसागर को तरने का मीरा के पास कौन–सा साधन है?

**अथवा**

मर्त्यलोक–मालिन्य मेटने
स्वामि–संग जो आई है,
तीन लोक की लक्ष्मी ने यह
कुटी आज अपनाई है।
वीर वंश की लाज यही है
फिर क्यों वीर न हो प्रहरी?
विजन देश है, निशा शेष है,
निशाचरी माया ठहरी॥

(अ) मर्त्यलोक–मालिन्य मेटनेवाली का स्वामी कौन है?
(ब) तीन लोक की लक्ष्मी ने आज क्या किया है?
(स) वीर वंश की लाज किसे कहा गया है?

**23.** (क) निम्नलिखित का सन्दर्भ–सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 3+1=4

सतां सज्जनानाम् आचारः सदाचारः। ये जनाः सद् एव विचारयन्ति, सद् एवं वदन्ति, सद् एव आचरन्ति च, ते एव सज्जनाः भवन्ति। सज्जनाः यथा आचरन्ति तथैवाचरणं सदाचारः भवति। सदाचारेणैव सज्जनाः स्वकीयानि इन्द्रियाणि वशे कृत्वा सर्वैः सह शिष्टं व्यवहारं कुर्वन्ति।

(पृष्ठ पलटिए)

**अथवा**

रामकृष्णः एकः विलक्षणः महापुरुषः अभवत्। तस्य विषये महात्मना गान्धिना उक्तम् "परमहंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनम् अस्मभ्यम् ईश्वरदर्शनाय शक्तिं प्रददाति। तस्य वचनानि न केवलं कस्यचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवनगन्थस्य पृष्ठानि एव। तस्य जीवनम् अहिंसायाः मूर्तिमान् पाठः विद्यते:।

(ख) निम्नलिखि संस्कृत पद्यांशों का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 4

तेजोऽसि तेजो मयि धेहि। वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि।
बलमसि बलं मयि धेहि। ओजोऽसि ओजो मयि धेही॥

**अथवा**

बुद्धिमान् नीतिमान् वाग्मी श्रीमाञ्छत्रुनिबर्हणः।
विपुलांसो महाबाहुः कम्बुग्रीवो महाहनुः॥

24. 'दीपदान' एकांकी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

**अथवा**

'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी का क्या उद्‌देश्य है? रचनाकार को इसकी पूर्ति में कहाँ तक सफलता मिली है? अपने शब्दों में लिखिए।

25. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुये उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए :- 4

(अ) प्रेमचन्द (ब) महादेवी वर्मा

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुये उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए :- 4

(अ) कबीरदास (ब) मीराबाई।

26. अपनी पाठ्य पुस्तक संस्कृत से कंठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए:- 4

(अ) भक्तः का प्रतिज्ञा करोति?
(ब) केषाम् आचारः अनुकरणीयः?
(स) रामः कस्मिन् वंशे उत्पन्नः आसीत्?
(द) नारायणपुरे कौ निवसतः?

28. निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे और एक लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य-प्रयोग कीजिए :- 2

(अ) अन्धे की लकड़ी होना (ब) ईंद का चाँद होना
(स) कलम तोड़ना (द) टस-से-मस न होना।

29. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए :- 4

(अ) तुम वन जाओ (ब) मैं बाजार जाता हूँ
(स) हम दोनों घर जाते हैं (द) राम अयोध्या के राजा थे।

30. अपने प्रधानाचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय में खेल कूद की समुचित व्यवस्था के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।